
# 1 भाषा
## (Language)

**चित्रों को देखिए और समझिए।**

### कौन कैसे बोलता है?


म्याऊँ-म्याऊँ


भौं-भौं


कुकड़ू-कूँ


आइए बैठिए

आपने देखा, पशु हो, पक्षी हो, या हम लोग-सब बोलकर अपनी बात कहते हैं।








हम लोग लिखकर भी अपनी बात दूसरों तक पहुँचा सकते हैं। संकेत द्वारा भी अपनी बात दूसरों को समझाने का प्रयास करते हैं।

अतः स्पष्ट है कि हम तीन प्रकार से अपनी बात कह सकते हैं।

**1. बोलकर** **2. लिखकर** **3. संकेत द्वारा**

**बोलकर या लिखकर अपनी बात कहना ही भाषा है।**

पशु-पक्षी हमारी तरह नहीं बोल सकते। वे हमारी तरह लिख भी नहीं सकते। सांकेतिक भाषा का प्रयोग भी बहुत प्रचलित नहीं है।

## भाषाएँ अनेक हैं–

संसार में अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं। जैसे–रूस में रूसी, जापान में जापानी, इंग्लैंड में अंग्रेज़ी, चीन मे चीनी आदि।

भारत में अनेक भाषाओं का प्रयोग होता है।

भारत के राज्यों में अलग-अलग भाषाओं का प्रयोग किया जाता है। जैसे–गुजरात में गुजराती, पंजाब में पंजाबी, पश्चिम बंगाल में बांग्ला, तमिलनाडु में तमिल, जम्मू-कश्मीर में कश्मीरी आदि।

हिंदी हमारी राजभाषा है। इसका प्रयोग किसी न किसी रूप में पूरे भारतवर्ष में किया जाता है।

## स्मरणीय बिंदु

- भाषा विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम है।

  भाषा के दो मुख्य रूप होते हैं– 1. मौखिक भाषा 2. लिखित भाषा
- हिन्दी हमारी राजभाषा है।
- संसार में अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं।

## अभ्यास

**मौखिक** FORMATIVE ASSESSMENT

**उत्तर दीजिए।**

(क) भाषा किसे कहते हैं?

(ख) भाषा के मुख्य कितने रूप होते हैं?

लिखित SUMMATIVE ASSESSMENT

## उत्तर दीजिए।

### बहुविकल्पी प्रश्न

**1. सही ( ✓ ) विकल्प चुनिए–**

(क) भाषा के मुख्य रूप होते हैं–

एक ☐ दो ☐ तीन ☐

(ख) पढ़ना भाषा का रूप है–

लिखित ☐ मौखिक ☐ सांकेतिक ☐

(ग) लिखना भाषा का रूप है–

सांकेतिक ☐ मौखिक ☐ लिखित ☐

(घ) रूस की भाषा है–

रूसी ☐ चीनी ☐ अँग्रेजी ☐

(ङ) भारत की राजभाषा है–

उर्दू ☐ हिन्दी ☐ अँग्रेजी ☐

**2. भाषा का कौन-सा रूप?**

(क) चित्रों में भाषा के किस रूप का प्रयोग किया गया है? (मौखिक, लिखित)



......................



......................



......................

(ख) कौन कैसे बोलता है? सही जोड़े मिलाइए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कौआ | दहाड़ना | तोता | चीं-चीं |
| शेर | गुटर-गूँ | चिड़िया | चिंघाड़ना |
| कबूतर | काँव-काँव | हाथी | टैं-टैं |

## 3. प्रदेश के साथ मिलाइए–

| | |
|---|---|
| बंगाल | हिंदी |
| पंजाब | गुजराती |
| गुजरात | बांग्ला |
| तमिलनाडु | पंजाबी |
| उत्तर प्रदेश | तमिल |

## रचनात्मक मूल्यांकन ||| FORMATIVE ASSESSMENT 2

**दिए गए वर्ग में से भारत में बोली जाने वाली दस भाषाएँ खोजकर लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| म | उ | र्दू | त | मि | ल |
| रा | ज | हिं | दी | छ | च |
| ठी | य | ल | क | न्न | ड़ |
| पं | जा | बी | बां | ग | ला |
| अ | स | मि | या | व | र |
| अं | ग्रे | ज़ी | उ | ड़ि | या |

.................... ....................

.................... ....................

.................... ....................

.................... ....................

.................... ....................